संसार में बहुत से त्रस और स्थावर प्राणी बड़े ही सूक्ष्म होते हैं—वे रात्रि में देखे नहीं जा सकते। तब रात्रि में भोजन कैसे किया जा सकता है।

(३)

साधक अन्न, पानी, खाद्य और स्वाद्य—इन चारों ही प्रकार के आहार का रात्रि में न स्वयं सेवन करे, न दूसरों को सेवन करने की प्रेरणा दे और न सेवन करने वाले का अनुमोदन ही करे।

(४)

अन्न आदि चारों ही प्रकार के आहार का रात्रि में सेवन नहीं करना चाहिए। इतना ही नहीं, दूसरे दिन के लिए भी रात्रि में खाने की सामग्री का संग्रह करना निषिद्ध है। अतः अरात्रि भोजन वास्तव में बड़ा दुष्कर है।

(५)

पाणिवह मुसावाया—ऽदत्त-मेहुण-परिग्गहा विरओ ।
राइ-भोयण-विरओ जीवो भवइ अणासवो ॥
[उत्त अ ३ गा २]



(५)

हिंसा, झूठ, चोरी, मैथुन, परिग्रह और रात्रि भोजन—जो जीव इनसे विरत रहता है वह अनास्रव (आस्रव रहित) हो जाता है।



[७]

आय-सुत्त

[आत्म-सूत्र]

(१)

अप्पा हु खलु सययं रक्खियव्वो ।

[दश चूलिका २ गा १६]

(२)

अप्पा नई वेयरणी, अप्पा मे कूडसामली ।
अप्पा कामदुहा धेणू, अप्पा मे नंदणं वणं ॥

(३)

अप्पा कत्ता विकत्ता य, दुहाण य सुहाण य ।
अप्पा मित्तममित्तं य, दुप्पट्ठिय-सुपट्ठिओ ॥

[उत्त अ २० गा ३६ ३७]

(४)

अप्पा चेव दमेयव्वो, अप्पा हु खलु दुद्दमो ।
अप्पा दंतो सुही होइ, अस्सिं लोए परत्थ य ॥

(५)

वरं मे अप्पा दंतो, संजमेण तवेण य ।
माऽहं परेहिं दम्मंतो, बंधणेहिं वहेहिं य ॥

[उत्त अ १ गा १५ १६]

(१)

अपनी आत्मा की निरन्तर रक्षा करते रहना चाहिए।

(२)

अपनी आत्मा ही नरक की वैतरणी नदी तथा कूट शाल्मली वृक्ष है। अपनी आत्मा ही स्वर्ग की कामदुघा धेनु तथा नन्दन वन है।

(३)

आत्मा ही अपने दुःखों और सुखों का कर्ता तथा भोक्ता है। अच्छे मार्ग पर चलने वाला आत्मा अपना मित्र है, और बुरे मार्ग पर चलने वाला आत्मा अपना शत्रु है।

(४)

अपने आपको दमन करना चाहिए। वास्तव में अपने आपको दमन करना बड़ा कठिन है। अपने आपको दमन करने वाला इस लोक में तथा परलोक में सुखी रहता है।

(५)

दूसरे लोग मेरा वध बन्धनादि से दमन करें, इसकी अपेक्षा तो मैं संयम और तप के द्वारा अपने आप ही अपना (आत्मा का) दमन करूँ, यह अच्छा है।

(६)

अप्पाणमेव जुज्झाहि, किं ते जुज्झेण बज्झओ ।
अप्पाणमेव अप्पाणं, जइत्ता सुहमेहए ॥
[उ० अ ९ गा ३५]

(७)

जो सहस्सं सहस्साणं, संगामे दुज्जए जिणे ।
एगं जिणेज्ज अप्पाणं एस से परमो जओ ॥
[उत्त अ ९ गा ३४]

(८)

पंचिन्दियाणि कोहं, माणं मायं तहेव लोहं च ।
दुज्जयं चेव अप्पाणं, सव्वमप्पे जिए जियं ॥
[उत्त अ ९ गा ३६]

(९)

पुरिसा !
अत्ताणमेव अभिणिगिज्झ ।
एवं दुक्खा पमोक्खसि ॥
[आचा १ श्रु अ ३ उ ३]

(६)

अपनी आत्मा के साथ ही युद्ध करो, बाहरी शत्रुओं के साथ युद्ध करने से क्या लाभ? आत्मा के द्वारा आत्मा को जीतने वाला ही वास्तव में पूर्ण सुखी होता है।

(७)

जो वीर दुर्जय संग्राम में लाखों योद्धाओं को जीतता है, यदि वह एक मात्र अपनी आत्मा को जीत ले तो यह उसकी सर्वश्रेष्ठ विजय है।

(८)

पाँच इन्द्रियाँ, क्रोध, मान, माया, लोभ तथा सब से अधिक दुर्जय अपनी आत्मा को जीतना चाहिए। एक आत्मा के जीत लेने पर सब कुछ जीत लिया जाता है।

(९)

साधक!
तुम पहले अपनी आत्मा का ही निग्रह करो। ऐसा करने से तुम समस्त दुःखों से पूरी तरह मुक्त हो सकते हो।

(१०)

न तं अरी कंठ-छेत्ता करेइ,
जं से करे अप्पणिया दुरप्पा।
से नाहिइ मच्चु-मुहं तु पत्ते,
पच्छाणुतावेण दयाविहूणो॥

[उत्त० अ० २० गा० ४८]

(११)

पुरिसा!
तुममेव तुमं मित्तं,
किं बहिया मित्त मिच्छसि।

[आचा० १ श्रु० अ० ३ उ० ३]

(१२)

नत्थि जीवस्स नासो त्ति।

[उत्त० अ० २ गा० २७]

(१३)

जे आया से विन्नाया।
जे विन्नाया से आया॥

[आचा० १ श्रु० अ० ५ उ० ५]

(१०)

सिर काटने वाला शत्रु भी उतना अपकार नहीं करता, जितना कि दुराचार में लगा हुआ अपनी आत्मा करती है। दयाशून्य दुराचारी को अपने दुराचारों का पहले ध्यान नहीं आता, परन्तु जब वह मृत्यु के मुख में पहुँचता है, तब अपने सब दुराचारों को याद कर-कर पछताता है।

(११)

साधक!
तू स्वयं ही मरता क्यों है। दूसरे प्राणी की ओर भी क्यों देखता है?

(१२)

जीव का कभी नाश नहीं होता,
वह तो अमर तत्त्व है।

(१३)

जो उपजा है, वही बिनशता है।
जो निपजा है, वही नाशता है।



[८]

कम्म-सुत्तं

[कर्म-सूत्र]

(१-२)

नाणस्सावरणिज्जं, दंसणावरणं तहा।
वेयणिज्जं तहा मोहं, आउकम्मं तहेव य॥
नाम कम्मं च गोयं च, अंतरायं तहेव य।
एवमेयाइं कम्माइं, अट्ठेव उ समासओ॥
[उत्त० अ० ३३ गा० २-३]

(३)

रागो य दोसो वि य कम्म-बीयं,
कम्मं च मोहप्पभवं वयन्ति।
कम्मं च जाई-मरणस्स मूलं,
दुक्खं च जाई मरणं वयन्ति।
[उत्त० अ० ३२ गा० ७]

(४)

तेणे जहा संधि-मुहे गहीए,
सकम्मुणा किच्चइ पावकारी।
एवं पया पेच्च इहं च लोए,
कडाण कम्माण न मुक्ख अत्थि॥
[उत्त० अ० ४ गा० ३]

(१२)

ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय—इस प्रकार संक्षेप में ये आठ कर्म बतलाये हैं।

(३)

राग और द्वेष—दोनों कर्म के बीज (जनक) हैं—अतः कर्म का उत्पादक मोह ही माना गया है। कर्म सिद्धान्त के अनुभवी लोग कहते हैं कि संसार में जन्म मरण का मूल कारण कर्म ही है, और जन्म मरण—यही एक मात्र दुःख है।

(४)

जैसे चोर सेंध के द्वार पर पकड़ा जाकर अपने ही दुष्कर्म के कारण चीरा जाता है, वैसे ही पाप करने वाला प्राणी भी इस लोक में और परलोक में—दोनों ही जगह—भयङ्कर दुःख पाता है। क्योंकि कृत कर्मों को भोग बिना कभी छुटकारा नहीं मिल सकता।

(५)

कत्तारमेव अणुजाइ कम्मं ।

[उत्त अ १३ गा २३]

(६)

कम्म-संगेहिं सम्मूढा, दुक्खिया बहु-वेयणा ।
अमाणुसासु जोणीसु, विणिहम्मन्ति पाणिणो ॥

[उत्त अ ३ गा ६]

(७)

कम्मुणा उवाही जायइ ।

[आचा १ श्रु अ ३ उ १]

---

(५)

कर्म कर्ता का अनुगमन करता है।

(६)

जो प्राणी काम वासनाओं से घिरे रहते हैं, वे भयङ्कर दुःख तथा वेदना भोगते हुए चिरकाल तक मनुष्येतर योनियों में भटकते रहते हैं।

(७)

सर्व प्रकार की उपाधि का
जन्म कर्म से ही होता है।





[६]

कसाय-सुत्त

[कसाय-सूत्र]

(१)

अग्गी य इइ के वुत्ता ?

[उत्त अ २३ गा ५२]

(२)

कसाया अग्गिणो वुत्ता ।

[उत्त अ २३ गा ५३]

(३)

कोहो य माणो य अणिग्गहीया,
माया य लोभो य पवड्ढमाणा ।
चत्तारि एए कसिणा कसाया,
सिंचन्ति मूलाइं पुणब्भवस्स ॥

[दश अ ८ गा ४०]

(४)

कोहं च माणं च मायं च, लोभं च पाववड्ढणं ।
वमे चत्तारि दोसे उ, इच्छन्तो हिय-मप्पणो ॥

[दश० अ ८ गा ३७]

(५)

कोहो पीइं पणासेइ ।

[दश अ ८ गा ३८]

(१)

ऽम संसार म (वास्तविक)
'अग्नि कौन सी मानी गई ह ?

(२)

कषायों को ही (वस्तुत) 'आग कहा गया ह ।

(३)

अनिगृहीत क्रोध और मान तथा
प्रवर्द्धमान माया और लोभ—य चारों
ही कषाय पुनज म रूपी ससार-वृक्ष की
जड़ों को सींचत ह । अर्थात् कषायों स
ज म मरण का वृद्धि होती ह ।

(४)

जो मनुष्य अपना हित चाहता ह, वह
पाप को बढ़ाने वाले क्रोध, मान माया
और लोभ इन चार दोषों को सदा क
लिए छोड़ द ।

(५)

क्रोध प्रीति का नाश करता है ।

(६)

अहे वयन्ति कोहेणं ।

[उत्त अ ९ गा ५४]

(७)

मा य चण्डालियं कासी ।

[उत्त अ १ गा १]

(८)

रक्खिज्ज कोहं ।

[उत्त अ ४ गा १२]

(९)

उवसमेण हणे कोहं ।

[दश अ ८ गा ३९]

(१०)

कोहविजएणं जीवे खन्तिं जणयइ ।

[उत्त अ २९ सूत्र ६७]

(११)

माणो विणय-नासणो ।

[दश अ ८ गा ३८]

(१२)

माणेण अहमा गई ।

[उत्त अ ९ गा ५४]

(६)

क्रोध से मनुष्य नीचे गिरता है।

(७)

क्रोध करना—यह पापदाज कर्म है
साधक कभी पापदाज कर्म न करे।

(८)

आत्म-शोधक साधक का कर्तव्य है
कि वह क्रोध को दबाए।

(९)

शान्ति से क्रोध को मारे।

(१०)

क्रोध पर विजय पा करके मुमुक्षु आत्मा
क्षमा धर्म को प्राप्त कर लेता है।

(११)

मान विनय का नाश करता है।

(१२)

यह आत्म अभिमान से अधमगति को पहुँचता है।

(१३)

विणुपजन मारा ।

[उत्त घ ४ गा १३]

(१४)

माणा मत्वया गिरो ।

[दश० घ ८ गा ३१]

(१५)

माया विजयरा जीवे मद्दव जणयइ

[उत्त घ २९ सूत्र ६८]

(१६)

मया मित्ताणि नासेइ ।

[दश घ ८ गा ३८]

(१७)

माया गइ पडिग्घाओ ।

[उत्त घ ६ गा ५४]

(१८)

माय न सेवे ।

[उत्त घ ४ गा १२]

(१९)

माय-मज्जवभावेण ।

[दश घ ८ गा ३९]

(१३)

साधक अहंकार को दूर करे।

(१४)

साधक नम्रता से अभिमान को जीते।

(१५)

मान पर विजय पा लेने के बाद मुमुक्षु आत्मा मृदुता कोमलता को प्राप्त कर लेता है।

(१६)

माया मित्रता का नाश करती है।

(१७)

माया से सद्गति का नाश होता है।

(१८)

साधक का कर्तव्य है कि वह माया का सेवन न करे।

(१९)

साधक सरलता से माया का नाश करे

(२०)

मायाविजएणं जीवे अज्जवं जणयइ ।

[उत्त अ २९ सूत्र ६९]

(२१)

लोभो सव्वविणासणो ।

[दश० अ० ८ गा० ३८]

(२२)

लोहाओ दुहओ भयं ।

[उत्त अ ९ गा ५४]

(२३)

जहा लाहो तहा लोहो,
लाहा लोहो पवड्ढइ ।

[उत्त अ ८ गा १७]

(२४)

इच्छा हु आगाससमा अणन्तिया ।

[उत्त अ ९ गा ४८]

(२५)

तण्हा हया जस्स न होइ लोहो ।
लोहो हओ जस्स न किंचणाइं ॥

[उत्त अ ३२ गा ८]

(२०)

माया को जीत कर साधक मानव
धर्म को पा लेता है।

(२१)

लोभ सभी सद्गुणों का नाश कर देता है।

(२२)

लोभ से इस लोक तथा परलोक
में महान् भय है।

(२३)

ज्यों ज्यों लाभ होता जाता है,
त्यों त्यों लोभ भी बढ़ता जाता है।

(२४)

मनुष्य की इच्छाएँ आकाश के समान
अनन्त हैं। उनकी सीमा नहीं है।

(२५)

जिसे लोभ नहीं है, उसकी तृष्णा
चली गई। जिसके पास लोभ
करने जैसा कुछ भी नहीं है,
उसका लोभ चला गया।

है

(२६)

पयहिज्ज लोहं ।

[उत्त. अ. ४ गा. १०]

(२७)

लोभं संतोसओ जिणे ।

[दश. अ. ८ गा. ३९]

(२८)

लोभविजएणं जीवे संतोसं जणयइ ।

[उत्त. अ. २९ सूत्र ७०]

(२९)

जे कोह-दंसी

से माण-दंसी,

जे माण-दंसी

से माया-दंसी,

जे माया-दंसी

से लोभ-दंसी ।

[आचा. १ श्रु. अ. ३ उ. ४]

(३०)

कसाय-पच्चक्खाणेणं जीवे वीयरागभावं जणयइ ।

[उत्त. अ. २९ सूत्र ३६]

(२६)

साधक को चाहिए कि वह लोभ को छोड़ दे।

(२७)

साधक सन्तोष से लोभ को काबू में लाये।

(२८)

लोभ पर विजयी होने के बाद मुमुक्षु जीव सन्तोष धर्म को प्राप्त कर लेता है।

(२९)

जो क्रोध करता है, वह मान भी करता है, जो मान करता है, वह माया का भी सेवन करता है, और जो माया का सेवन करता है, वह लोभ भी करता है।

(३०)

कषाय के त्याग करने से यह आत्मा वीतराग भाव को प्राप्त करता है।





[१०]

काम-विजय-सुत्तं

[कामविजयसूत्र]

(१)

जे गुणे से आवट्टे,
जे आवट्टे से गुणे।
[आचा० १ श्रु० अ० १ उ० ५]

(२)

जे गुणे से मूलट्ठाणे,
जे मूलट्ठाणे से गुणे—
इति से गुणट्ठी महया परियावेणं,
पुणो पुणो वसे पमत्ते।
[आचा० १ श्रु० अ० २ उ० १]

(३)

सल्लं कामा विसं कामा, कामा आसीविसोवमा।
कामे य पत्थेमाणा, अकामा जंति दोग्गइं॥
[उत्त० अ० ९ गा० ५३]

(४)

सव्वं विलवियं गीयं, सव्वं नट्टं विडंबियं।
सव्वे आभरणा भारा, सव्वे कामा दुहावहा॥
[उत्त० अ० १३ गा० १६]

(१)

इन्द्रियों के विषय को ही 'संसार' कहते हैं और
जो संसार है, वह इन्द्रियों का विषय ही तो है।

(२)

जो विषय भोग हैं, वे ही संसार के मूल
कारण हैं, जो संसार के मूल कारण हैं,
वे विषय भोग ही तो हैं। जो विषय
लोलुप होता है वह विषयाधीन तथा
प्रमादी होने के कारण बार-बार दुःख
भोगता रहता है।

(३)

काम भोग शल्य रूप हैं, काम भोग विषरूप हैं,
काम भोग विषधर सर्प के समान हैं। काम
भोगों की लालसा रखने वाले प्राणी उन्हें प्राप्त
किये बिना ही अतृप्त दशा में एक दिन दुर्गति
को प्राप्त हो जाते हैं।

(४)

गीत सब विलाप रूप हैं, नाट्य सब विडम्बना
रूप हैं। आभरण सब भार रूप हैं। अधिक
क्या, संसार के जो भी काम भोग हैं वे सब
दुःख देने वाले हैं।

(५)

खणमेत्त सोक्खा बहुकाल दुक्खा,
पगामदुक्खा, अणिगाम सोक्खा ।
संसार मोक्खस्स विपक्खभूया,
खाणी अणत्थाण उ कामभोगा ॥
[उत्त अ १४ गा १३]

(६)

दुप्परिच्चया इमे कामा ।
[उत्त अ ८ गा ६]

(७)

भोगा इमे संगकरा भवंति ।
[उत्त अ १३ गा २७]

(८)

कामाणुगिद्धि-प्पभवं खु दुक्खं ।
[उत्त अ ३२ गा १९]

(९)

जहा किंपागफलाण, परिणामो न सुन्दरो ।
तहा भुत्ताण भोगाण, परिणामो न सुन्दरो ॥
[उत्त अ १९ गा १७]

(५)

काम भोग क्षण मात्र सुख देने वाले हैं और चिरकाल तक दुःख देने वाले हैं। उनमें सुख बहुत थोड़ा है। अत्यधिक दुःख ही दुःख है। मोक्ष-सुख के ये भयङ्कर शत्रु हैं, अनर्थों की खान हैं।

(६)

सचमुच काम भोगों का
छोड़ना बड़ा कठीन है।

(७)

ये काम भोग ही आसक्ति
के बढाने वाले होते हैं।

(८)

काम भोगों में आसक्ति रखने
से ही दुःख पैदा होता है।

(९)

जैसे किंपाक फलों को भोगने का परिणाम अच्छा नहीं होता उसी प्रकार भोगे हुए भोगों का परिणाम भी अच्छा नहीं होता।

(१०)

पासह,
एगे रूवेसु गिद्धे परिणिज्जमाणे,
एत्थ फासे पुणो पुणो ।
[आचा १ श्रु अ ५ उ १

(११)

उवलेवो होइ भोगेसु, अभोगी नोवलिप्पई ।
भोगी भमइ संसारे, अभोगी विप्पमुच्चई ॥
[उत्त अ २५ गाथा

(१२)

तम्हा संग ति पासह,
गंथेहिं गढिया नरा विसन्ना कामकन्ता
तम्हा लूहाओ नो परिवित्तसेज्जा
[आचा १ श्रु अ ३ उ

(१३)

कामे कमाही कमियं खु दुक्खं ।

(१०)

देखो,
जो लोग रूप आदि इन्द्रिय विषयों
में आसक्त हैं वे बार-बार नरकादि
दुःखों को भोगते रहते हैं।

(११)


जो मनुष्य भोगी है—भोगासक्त है, वही कर्म मल से लिप्त होता है, अभोगी लिप्त नहीं होता। भोगी संसार में परिभ्रमण करता रहता है और अभोगी संसार बन्धन से मुक्त हो जाता है।

(१२)

साधक!
संसार के विषयों की आसक्ति छोड़ दे। धन सम्पत्ति में मोहित प्राणी अनेक कामनाओं से घिर कर दुःखी होते रहते हैं, इसलिए साधक को संयम से नहीं डिगना चाहिए।

(१३)

कामनाओं को त्याग दो, समझ लो कि तुम्हारे सब दुःखों का अन्त आ गया है।



[११]

अप्पमाय-सुत्तं

[अप्रमाद-सूत्र]

(१)

समय गोयम ! मा पमायए ।

[उत्त अ १० गा १]

(२)

उट्ठिए नो पमायए ।

[आचा १ श्रु अ २ उ १]

(३)

सव्वओ पमत्तस्स भयं ।

[आचा० १ श्रु अ ३ उ १]

(४)

असंखयं जीविय मा पमायए ।

[उत्त अ ४ गा १]

(५)

वित्तेण ताणं न लभे पमत्ते ।

[उत्त अ ४ गा ५]

(६)

घोरा मुहुत्ता अबलं सरीरं,

भारंड पक्खीव चरेऽपमत्ते ।

[उत्त अ ४ गा ६]

(१)

गौतम !
क्षण मात्र प्रमाद मत कर ।

(२)

उठ, प्रमाद छोड़ दे ।

(३)

प्रमादी मनुष्य को चारों ओर से
भय बना रहता है ।

(४)

जीवन असंस्कृत है, अर्थात् एक बार
जीवन टूट जाने पर फिर नहीं जुड़ता,
अतः क्षण भर भी प्रमाद न करो ।

(५)

प्रमत्त मनुष्य धन के द्वारा
अपनी रक्षा नहीं कर सकता ।

(६)

'काल निर्दय है और शरीर निर्बल'
यह जानकर भारण्ड पक्षी की तरह
हमेशा अप्रमत्त भाव से विचरना चाहिए ।

(७)

धीरे मुहुत्तमवि नो पमायए,
वओ अच्चेइ—
जोवण च,
जीविय ॥

[आचा १ श्रु अ २ उ १]



([illegible])

धीर पुरुष को क्षण मात्र भी प्रमाद नहीं करना चाहिए । उसका अमूल्य आयु, यौवन और जीवन क्षण क्षण में बीत रहा है ।





[१२]

समण-सुत्त

[श्रमणसूत्र]

(१)

सो समणो जइ सुमणो,
भावेण जइ ण होइ पावमणो ।
सयणे य जणे य समो,
समो य माणावमाणेसु ॥

(२)

जह मम न पियं दुक्खं,
जाणिय एमेव सव्व-जीवाणं ।
न हणइ न हणावेइ य,
समण-मइ तेण सो समणो ॥

(३)

णत्थि य से कोइ वेसो,
पिओ य सव्वेसु चेव जीवेसु ।
एएण होइ समणो,
एसो अन्नो वि पज्जाओ ॥ [अनुयोग द्वार सूत्र]

(४)

गुणेहिं साहू अगुणेहिऽसाहू,
गिण्हाहि साहू गुण मुञ्चऽसाहू ।
वियाणिया अप्पगमप्पएणं,
जो राग-दोसेहिं समो स पुज्जो ॥

(१)

जिसका हृदय सदा प्रफुल्लित है, जो कभी भी पाप चिन्ता नहीं करता, जो स्वजन और परजन तथा मान और अपमान बुद्धि का सन्तुलन रखता है—
वह श्रमण है।

(२)

जिस प्रकार मुझे दुःख अच्छा नहीं लगता उसी प्रकार सभी जीवों को दुःख अच्छा नहीं लगता। यह समझ कर जो न स्वयं हिंसा करता है, और न करवाता है, अर्थात् सभी प्राणियों पर समबुद्धि रखता है, वही श्रमण है।

(३)

'श्रमण' की एक व्याख्या यह भी है कि "जो किसी से द्वेष नहीं करता, जिसे सब जीव समान भाव से प्रिय हैं—वह समन है।"

(४)

गुणों से साधु होता है और अगुणों से असाधु, अतः हे मुमुक्षु! सद्गुणों को ग्रहण कर और दुर्गुणों को छोड़। जो साधक अपनी आत्मा द्वारा अपनी आत्मा के वास्तविक स्वरूप को पहचान कर राग और द्वेष दोनों में समभाव रखता है, वह पूज्य है।

(५)

तेसिं गुरूणं गुण-सायराणं,
सोच्चाण मेहावी सुभासियाइं ।
चरे मुणी पंचरए तिगुत्तो,
चउक्कसायावगए स पुज्जो ॥
[दश० अ० ६ उ० ३ गा० ११]

(६)

नाणा-दंसण-सम्पन्नं, संजमे य तवे रयं ।
एवं गुण-समाउत्तं, संजय साहुमालवे ।
[दश० अ० ७ गा०]

(७)

जे य कंते पिए भोए, लद्धे वि पिट्ठी कु
साहीणे चयइ भोए से हु चाइ त्ति वुच्च

(८)

वत्थ गंध-मलंकारं, इत्थिओ सयणाणि
अच्छंदा जे न भुंजंति, न से चाइ त्ति वुच्च
[दश० अ० २ गा०]

(५)

जो बुद्धिमान् मुनि सद्गुण सिन्धु गुरुजनों के सुभाषितों को सुनकर तदनुसार पाँच महाव्रतों में रत होता है, तीन गुप्तियों को धारण करता है, और चार कषायों से दूर रहता है, वही पूज्य है।

(६)

सच्चा साधु उसी को कहना चाहिए जो ज्ञान और दर्शन से सम्पन्न हो, संयम और तपश्चरण में लीन हो और सदा सद्गुणों को धारण करने वाला हो।'

(७)

जो मनुष्य सुन्दर और प्रिय भोगों को पाकर भी पीठ फेर लेता है, सब प्रकार से स्वाधीन भोगों का परित्याग कर देता है, वही सच्चा त्यागी कहलाता है।

(८)

जो मनुष्य किसी परतन्त्रता के कारण वस्त्र, गंध, अलङ्कार स्त्री और शयन आदि का उपभोग नहीं कर पाता, वह सच्चा त्यागी नहीं कहलाता है।

(९)

कहं नु कुज्जा सामण्णं,
जो कामे न निवारए।
पए पए विसीयन्तो,
संकप्पस्स वसं गओ॥

[दश० अ० २ गा० १]

(१०)

जे केइ पव्वइए,
निद्दासीले पगामसो।
भोच्चा पिच्चा सुहं सुवइ,
पावसमणि त्ति वुच्चइ॥

[उत्त० अ० १ गा० ३]


(९)

जो वासनाओं को नहीं रोक सकता, वह श्रामण्य-संयम की पालना कैसे कर सकता है ? वह तो वासना के वशीभूत होकर पद पद पर विषाद को पाता रहता है।

(१०)

जो भिक्षु प्रव्रज्या लेकर भी अत्यन्त निद्राशील हो जाता है, खा पीकर मजे से सो जाया करता है, वह 'पाप श्रमण' कहलाता है।





[१३]

असरण-सुत्त

[अशरण-सूत्र]

(१)

जम्मं दुक्खं जरा दुक्खं, रोगाणि मरणाणि य,
अहो दुक्खो हु संसारो, जत्थ कीसंति जन्तुणो ॥

[उत्त अ १९ गा १५]

(२)

इमं सरीरं अणिच्चं, असुइं असुइसंभवं ।
असासयावासमिणं, दुक्ख-केसाण भायणं ॥

[उत्त अ १९ गा १२]

(३)

वित्तं पसवो य नाइओ, तं बाले सरणं ति मन्नई ।
एए मम तेसु वि अहं, नो ताणं सरणं ति विज्जई ॥

[सूत्र श्रु १ अ २ उ ३ गा १६]

(४)

न चित्ता तायए भासा,
कुओ विज्जाणुसासणं ।
विसन्ना पावकम्मेहिं,
बाला पंडियमाणिणो ॥

[उत्त अ ६ गा ११]

(१)

जन्म का दुःख है, जरा का दुःख है, रोग और मरण का भी दुःख है। अहो! सारा संसार दुःखमय ही है। यहाँ प्रत्येक प्राणी जब देखो तब क्लेश ही पाता रहता है।

(२)

यह शरीर अनित्य है अशुचि है, अशुचि से उत्पन्न हुआ है, दुःख और क्लेशों का धाम है। जीवात्मा का इसमें कुछ ही क्षणों के लिए निवास है, आखिर एक दिन तो अचानक छोड़ कर चले ही जाना है।

(३)

धन पशु और जाति वालों को मूर्ख मनुष्य अपना शरण मानता है और समझता है कि ये मेरे हैं और 'मैं उनका हूँ'। परन्तु इनमें से कोई भी आपत्तिकाल में त्राण तथा शरण देने वाला नहीं।

(४)

चित्र विचित्र भाषा आपत्तिकाल में त्राण करने वाली नहीं, इसी प्रकार मंत्रात्मक भाषा का अनुशासन भी त्राण करने वाला कैसे हो? अतः भाषा और मांत्रिक विद्या से त्राण पाने की आशा वाले पण्डितंमन्य मूढ़ जन पाप कर्मों में मग्न हो रहे हैं।

(५)

दाराणि सुया चेव, मित्ता य तह बन्धवा ।
जीवन्तमणुजीवन्ति, मय नाणुव्वयंति य ॥
[उत्त० अ० १८ गा० १४]

(६)

जहेह सीहो व मियं गहाय,
मच्चू नर नेइ हु अन्तकाले ।
न तस्स माया व पिया व भाया,
कालम्मि तम्मंसहरा भवंति ॥
[उत्त० अ० १३ गा० २२]

(७)

आरम्भज दुक्खमिणं ति णच्चा,
माई पमाई पुण एइ गब्भं ।
उवेहमाणो सद्द-रूवेसु उज्जू
माराभिसंकी मरणा पमुच्चइ ॥
[आचा० श्रु० १ अ० ३ उ० १]

(५)

स्त्री, पुत्र, मित्र और बन्धुजन सब कोई जीते जी के साथी हैं, मरने पर कोई भी पीछे नहीं आता।

(६)

जिस प्रकार सिंह, मृग को पकड़ कर ले जाता है, उसी प्रकार अन्त समय में मृत्यु भी मनुष्य को दबोच लेती है। उस समय माता, पिता भाई आदि कोई भी उसके दुःख में भागीदार नहीं होते—परलोक में उसके साथ नहीं जाते।

(७)

संसार में दुःख हिंसा से उत्पन्न होता है, मायावी तथा प्रमादी को बार बार जन्म ग्रहण करना पड़ता है। वह जन्म-मरण के चक्कर से नहीं छूटता। यह जानकर कषाय रहित सरल स्वभाव वाला विवेकी पुरुष मृत्यु से डर कर शब्द, रूप आदि इन्द्रिय-विषयों में उपेक्षा रखता है और धीरे धीरे वह मृत्यु से छूट जाता है।



[१४]

खामणा-सुत्तं

[क्षमापना-सूत्र]

(१)

खामेमि सव्व-जीवे,
सव्वे जीवा खमन्तु मे।
मित्ती मे सव्व-भूएसु,
वेरं मज्झ न केणइ॥

[प्रतिक्रमण सूत्र]

(२)

खमियव्वं, खामियव्वं,
उवसमियव्वं, उवसामियव्वं,
सम्मुइ सपुच्छणा-बहुलेण होयव्वं।
जो उवसमइ तस्स अत्थि आराहणा।
जो न उवसमइ, तस्स नत्थि आराहणा।
तम्हा अप्पणा चेव उवसमियव्वं।
से किमाहु, भंते?
"उवसमसारं खु सामण्णं।"

[कल्प-सूत्र]



(१)

अपनी ओर से मैं सब जीवों को क्षमा करता हूँ और वे सब जीव भी मुझे क्षमा करें। मेरी सब जीवों के साथ पूर्ण मैत्री है किसी के साथ वैर विरोध नहीं है।


(२)

दूसरे की भूलों को अपनी ओर से क्षमा कर दे, अपनी भूलों के लिए दूसरे से क्षमा मांग ले। आपसी द्वेष को दूर करके स्वयं शान्त हो जा, और दूसरे से शान्त होने की प्रार्थना कर। स्वयं दूसरे के पास जाकर उसके कुशल समाचार पूछ।

जो झगड़े या झगड़े के कारणों को मिटाता है, वह भगवान् की आज्ञा का आराधक है। जो उन्हें नहीं मिटाता वह आराधक नहीं है। इस लिए अपनी ओर से ही झगड़ा शान्त करने का प्रयत्न करना चाहिए।

भगवन्! ऐसा क्यों?

"उपशम—शान्ति ही श्रमण धर्म का सार है।"



[१५]

विविह-सुत्तं

[विविधसूत्र]

(१)

चत्तारि परमंगाणि, दुल्लहाणीह जन्तुणो ।
माणुसत्तं सुई सद्धा, संजमम्मि य वीरियं ॥

(२)

कम्माणं तु पहाणाए आणुपुव्वी कयाइ उ ।
जीवा सोहिमणुप्पत्ता, आययंति मणुस्सयं ॥

(३)

माणुस्सं विग्गहं लद्धुं, सुई धम्मस्स दुल्लहा ।
जं सोच्चा पडिवज्जन्ति, तवं खन्तिमहिंसयं ॥

(४)

आहच्च सवणं लद्धुं, सद्धा परम दुल्लहा ।
सोच्चा नेआउयं मग्गं, बहवे परिभस्सई ॥

(५)

सुइं च लद्धुं सद्धं च, वीरियं पुण दुल्लहं ।
बहवे रोयमाणा वि नो य णं पडिवज्जए ॥

(१)

संसार में जीवों को इन चार श्रेष्ठ अंगों (जीवन विकास के साधनों) का प्राप्त होना बड़ा दुर्लभ है— मनुष्यत्व, धर्म श्रवण, श्रद्धा और संयम में पुरुषार्थ।

(२)

संसार में परिभ्रमण करते करते जब कभी बहुत काल में पाप कर्मों का वेग क्षीण हो जाता है और उसके फल स्वरूप अन्तरात्मा क्रमशः शुद्धि को प्राप्त हो जाता है तब कहीं मनुष्य जन्म मिलता है।

(३)

मनुष्य जन्म की प्राप्ति हो जाने पर भी धर्म के श्रवण का अवसर मिलना बड़ा कठिन होता है, जिसे सुनकर मनुष्य तप, क्षमा और अहिंसा को स्वीकार करता है।

(४)

कभी कभी धर्म श्रवण का अवसर मिल जाता है, परन्तु उस पर श्रद्धा का आना तो अत्यन्त ही दुर्लभ होता है। कारण कि बहुत से लोग न्याय मार्ग को—सत्य सिद्धान्त को सुनकर भी उससे दूर ही रह सकते हैं—उन पर विश्वास नहीं करते।

(५)

धर्म का श्रवण और उस पर श्रद्धा—दोनों प्राप्त कर लेने पर भी उनके अनुसार पुरुषार्थ करना तो और भी कठिन है। क्योंकि बहुत से लोग ऐसे हैं, जो धर्म पर दृढ़ विश्वास रखते हुए भी उसे आचरण में नहीं लाते।

(६)

माणुसत्तम्मि आयाओ, जो धम्म सोच्च सद्दहे।
तवस्सी वीरिय लद्धु, सवुडे निद्धुणे रय॥
[उत्त अ ३ गा १०८३१०।११]

× × × × ×

(७)

पढम नाण तओ दया, एव चिट्ठइ सव्व-सजए।
अन्नाणी किं काही? किं वा नाही स सेय-पावग॥
[दश अ ४ गा १०]

(८)

"बन्ध प्पमोक्खो तुज्झत्थमेव।"
[आचा श्रु १ अ २ उ १]

(९)

जय चरे जय चिट्ठे, जय-मासे जय सए।
जय भुञ्जन्तो भासन्तो पाव-कम्म न बन्धइ॥

(१०)

सव्व भूय प्पभूयस्स, सम्म भूयाइ पासओ।
पिहियासवस्स दन्तस्स, पावकम्म न बन्धइ॥
[दश अ ४ गा ८९]

(६)

रन्तु जो तपस्वी मनुष्यत्व को पाकर धर्म का श्रवण कर स पर श्रद्धा लाता है और तदनुसार पुरुषार्थ कर आस्रव हित हो जाता है, वह अन्तरात्मा पर से कर्म-रज को झटक देता है।

× × × ×

(७)

थम ज्ञान है, पीछे दया'। इसी क्रम पर समग्र त्यागी वर्ग नी संयम यात्रा के लिए ठहरा हुआ है। भला, अज्ञानी ग्य क्या करेगा ? श्रेयस् और अश्रयस् को या पुण्य एवं पाप को वह कैसे जान सकेगा ?

(८)

बन्धन और मुक्ति तुम्हारी आत्मा में ही है।

(९)

क से चले, विवेक से खड़ा हो, विवेक से बैठे, विवेक से , विवेक से भोजन करे और विवेक से ही बोले तो पाप कर्म नहीं बंधता।

(१०)

व जीवों को अपने ही समान समझता है, अपने पराये ो समान दृष्टि से देखता है, जिसने सब आस्रवों का । कर लिया है, जो चंचल इन्द्रियों का दमन कर चुका है, उसे पाप-कर्म का बंध नहीं होता।

(११)

छद निरोहेण उवेइ मोक्खं,
आसे जहा सिक्खियवम्मधारी ।
पुव्वाइ वासाइ चरेऽपमत्तो,
तम्हा मुणी खिप्पमुवेइ मोक्खं ॥

[उत्त० अ ४ गा ८]

(१२)

नाणस्स सव्वस्स पगासणाए,
अन्नाण-मोहस्स विवज्जणाए ।
रागस्स दोसस्स य संखएणं,
एगंत-सोक्खं समुवेइ मोक्खं ॥

(१३)

तस्सेस मग्गो गुरु-विद्ध-सेवा,
विवज्जणा बाल-जणस्स दूरा ।
सज्झाय एगंत निसेवणा य,
सुत्तत्थ चिन्तणया धिई य ॥

× × × × ×

(१४)

लाभो त्ति न मज्जेज्जा,
अलाभो त्ति न सोयए ।

[आचा० श्रु १ अ २ उ ५]

(११)

जिस प्रकार शिक्षित (सधा हुआ) तथा कवचधारी योद्धा युद्ध में विजय प्राप्त करता है, उसी प्रकार विवेकी मुमुक्षु भी जीवन संग्राम में विजयी होकर मोक्ष प्राप्त करता है। जो मुनि दीर्घकाल तक अप्रमत्त रूप से संयम धर्म का आचरण करता है, वह शीघ्रातिशीघ्र मोक्ष पद पाता है।

(१२)

सब प्रकार के ज्ञान को निर्मल करने से, अज्ञान और मोह के त्याग से तथा राग और द्वेष का क्षय करने से एकान्त सुख स्वरूप मोक्ष प्राप्त होता है।

(१३)

सद्गुरु तथा अनुभवी वृद्धों की सेवा करना मूर्खों के संसर्ग से दूर रहना, एकाग्र चित्त सत्-शास्त्रों का अभ्यास करना और उनके गम्भीर अर्थ का चिन्तन करना, और चित्त में एतिरूप अटल शान्ति प्राप्त करना, यह निश्रेयस् (मोक्ष) का मार्ग है।

× × × × ×

(१४)

साधक आहार आदि के प्राप्त होने पर अभिमान न करे और न मिलने पर शोक न करे।

(१५)

आहारमिच्छे मियमेसणिज्ज,
सहायमिच्छे निउणत्थ-बुद्धि ।
निकेयमिच्छेज्ज विवेग जोग्ग,
समाहिकामे समणे तवस्सी ॥ [उत्त अ ३२

(१६)

न वा लभेज्जा निउण सहाय,
गुणाहिय वा गुणओ सम वा ।
एक्को वि पावाइ विवज्जयन्तो,
विहरेज्ज कामेसु असज्जमाणो ॥ [उत्त अ ३२

(१७)

लज्जा - दया - सजम - बम्भचेर,
कल्लाणभागिस्स विसोहि-ठाण । [दश अ ६

(१८)

सोही उज्जुय भूयस्स । [उत्त अ ३ गा

(१९)

एगओ विरइ कुज्जा एगओ य पवत्तण ।
असजमे नियत्ति च, सजमे य पवत्तण ।
[उत्त अ ३१ गा २

(१५)

समाधि की इच्छा रखने वाला तपस्वी श्रमण परिमित तथा शुद्ध आहार ग्रहण कर, निपुण बुद्धि वाले तत्त्व ज्ञानी साथी की खोज करे, और ध्यान करने योग्य एकान्त स्थान में निवास करे।

(१६)

यदि अपने से गुणों में अधिक या समान गुण वाला साथी न मिले तो पाप कर्मों का परित्याग कर तथा काम भोगों में सर्वथा अनासक्त रहकर अकेला ही विचरे। परन्तु दुराचारी का कभी भूल कर भी संग न करे।

(१७)

लज्जा, दया, संयम और ब्रह्मचर्य—ये चारों मुमुक्षु साधक के लिए विशुद्धि के स्थान हैं।

(१८)

सरल आत्मा की ही शुद्धि होती है।

(१९)

एक ओर से निवृत्ति करनी चाहिए और दूसरी ओर से प्रवृत्ति असंयम से निवृत्ति और संयम में प्रवृत्ति करना ही सम्यक् चारित्र है।

× × × × ×

(२०)

न वि मुंडिएण समणो, न ओंकारेण बंभणो ।
नाणेण मुणी होई तवेण होइ तावसो ॥

(२१)

समयाए समणो हो, बंभचेरेण बंभणो ।
मोणेण य मुणी होइ, तवेण होइ तावसो ॥

(२२)

कम्मुणा बंभणो होइ, कम्मुणा होइ खत्तिओ ।
वइसो कम्मुणा होइ, सुद्दो हवइ कम्मुणा ॥
[उत्त अ २५ गा ३१ ३२ ३३]

(२३)

सक्खं खु दीसइ तवोविसेसो,
न दीसइ जाइविसेस कोई ।
[उत्त अ १२ गा ३७]

× × × ×

(२४)

नत्थि कालस्स णागमो ।
[आचा श्रु १ अ २ उ ३]

(२०)

सिर मुंडा लेने मात्र से कोई श्रमण नहीं होता, 'ओम्' का जाप कर लेने मात्र से कोई ब्राह्मण नहीं हो जाता निर्जन वन में रहने मात्र से कोई मुनि नहीं होता और कुशा के बने वस्त्र पहन लेने मात्र से कोई तपस्वी नहीं हो सकता ।

(२१)

समता से श्रमण है, ब्रह्मचर्य से ब्राह्मण होता है, ज्ञान से मुनि होता है, और तप से तपस्वी बन जाता है।

(२२)

मनुष्य कर्म से ही ब्राह्मण होता है, कर्म से ही क्षत्रिय होता है, कर्म से ही वैश्य होता है और अपने कृत कर्मों से ही शूद्र होता है

(२३)

तपस्या का प्रभाव तो प्रत्यक्ष दिखलाई देता है, मगर जाति की कोई विशेषता नजर नहीं आती ।

× × × × ×

(२४)

मृत्यु नहीं टल सकती।"

(२५)

जीविय नाभिकंखेज्जा, मरणं नो वि पत्थए ।
दुहओ वि न सज्जेज्जा, जीविए मरणे तहा ॥

[आचा श्रु १ अ ८ उ ८]

(२६)

मा सद्दे य आलस्से, अप्प पि अमाहे चरे ।
मन्द हास परिच्चाग, अलीण-गुत्तो परिव्वए ॥

[आचा श्रु १ अ २ उ १]

(२७)

"धुणे सरीरं,
कसेहि अप्पाणं,
जरेहि अप्पाणं ॥"

[आचा० श्रु १ अ ४ उ ३]

× × × ×

(२८)

सत्ति मेत्तिय पडिए ।

[दस० अ ४ गा १]

(२४)

साधक न तो जीवित रहने की इच्छा [illegible]
और न मरने की ही इच्छा करे। [illegible]
मरण में से किसी में भी [illegible]

(२५)

साधक !
क्या अरति ? और [illegible]
भावों से निर्लिप्त रह कर [illegible]
हास्य, कुतूहल आदि को [illegible]
वश में रखो और दोनों [illegible]
कर संयम का पालन [illegible]

(२६)

साधक !
उग्र तपश्चरण के [illegible]
कर डाल और [illegible]
और [illegible]

× × × ×

(२७)

विवेकवान् [illegible]

(२९)

वुड्ढेहिं सह संसग्गं,
हासं कीडं च वज्जए ।

[उत्त० अ० १ गा० ९]

(३०)

वसे गुरुकुले निच्चं,

[उत्त अ ११ गा १४]

(३१)

निद्दिमस न माइज्जा ।

[दस अ ८ गा ४०]

(३२)

मग्गा मोम निरज्जए ।

[दस अ ८ गा ४०]

(३३)

नो निण्हवेज्ज वीरियं ।

[आचा श्रु १ अ ५ उ ३]

(३४)

धम्मे धान समायरे ।

[उत्त अ १ गा ३१]

(१९)

क्षुद्र लोगों के संसर्ग से बचो, उनके साथ
हँसी और विनोद मत करो।

(२०)

निरन्तर गुरुकुल में निवास करना चाहिए।

(२१)

पीठ का मांस अर्थात् चुगली न खाओ।

(२२)

झूठ-कपट से दूर रहो।

(२३)

अपने सामर्थ्य का अपलाप मत करो।

(२४)

जो कार्य जिस समय करना है
उसे उसी समय पर करो।

(३५)

ज सेय त समायरे ।

[दश अ ४ गा ११]

(३६)

जहा अतो तहा बाहिं,
जहा बाहिं तहा अतो ।

[आचा सु १ अ २ उ २]

(३७)

पमत्ते बहिया पास,
अपमत्ते परिव्वए ।

[आचा सु १ अ २ उ १]

(३८)

उद्देसो पासगस्स नत्थि ।

[आचा १ सु अ २ उ ६]

(३९)

जहा पुण्णस्स कत्थइ,
तहा तुच्छस्स कत्थइ,
जहा तुच्छस्स कत्थइ ।—

—

(३५)

जो श्रेयस्कर हो, उसी का आचरण करो।

(३६)

जैसे भीतर वैसे बाहर, और जैसे बाहर वैसे भीतर। अर्थात् अपना विचार, उच्चार और आचार एकरूप रखो।

(३७)

प्रमाद करने वाला धर्म से पराङ्मुख होता है, इसलिए साधक अप्रमत्त होकर विचरे।

(३८)

तत्वदर्शी के लिए किसी उपदेश की आवश्यकता नहीं है।

(३९)

यह उपदेश जिस प्रकार धनवान् के लिए है, उसी प्रकार गरीब के लिए भी है, और जिस प्रकार रंक के लिए है उसी प्रकार राजा के लिए भी है।

समाप्त